# उत्तराखण्ड विधान सभा की कार्यसूची

## गुरूवार, 02 फाल्गुन, शक संवत्, 1940

**( दिनांक : 21 फरवरी, 2019 )**

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न**

**1.** अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)

**2.** अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी **''ख''**)

**3.** निधन के निदेश।

**4.** समाज कल्याण मंत्री, उत्तराखण्ड अनुसूचित जनजाति आयोग अधिनियम, 2015 की धारा–21 सपठित धारा–15 के अधीन उत्तराखण्ड जनजाति आयोग का वार्षिक प्रतिवेदन (वर्ष 01 अप्रैल, 2016 से 31 मार्च, 2017 तक) को सदन के पटल पर रखेंगे।

**5.** मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग अधिनियम, 2014 की धारा–21 के अन्तर्गत उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग का प्रथम प्रतिवेदन (वर्ष 2014–2015, 2015–2016, 2016–2017 तथा 2017–2018 तक) को सदन के पटल पर रखेंगे।

**6.** सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

**7.** श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य विधान सभा ''जनपद हरिद्वार के ग्राम रायपुर में अम्बेडकर पार्क का सौन्दर्यीकरण के सम्बन्ध में", श्री जोगीन्द्र पुत्र श्री रामदास, ग्राम–रायपुर, पो0–भगवानपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

**8.** श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य विधान सभा ''जनपद हरिद्वार के ग्राम खजूरी में कब्रिस्तान से विजेन्द्र त्यागी के खेत तक सी0 सी0 सड़क के निर्माण के सम्बन्ध में", श्री रूकबान पुत्र श्री नजीर अहमद, ग्राम–खजूर, पो0–मानकपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

**9.** श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य विधान सभा ''जनपद हरिद्वार के ग्राम सिकन्दरपुर भैसवाल में चांदपुर रोड से छापुर की ओर सी0 सी0 सड़क के निर्माण के सम्बन्ध में", श्री अमित कुमार पुत्र श्री कल्लू, ग्राम–सिकन्दरपुर भैसवाल, पो0–खास, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

**10.** विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

**11.** नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

**12.** मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

**13.** मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड लोक सेवा (आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो के लिए आरक्षण) विधेयक, 2019 पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

14. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड लोक सेवा (आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आरक्षण) विधेयक, 2019 को पुरःस्थापित करेंगे।

15. आबकारी मंत्री, उत्तराखण्ड (संयुक्त प्रांत आबकारी अधिनियम, 1910) (संशोधन) विधेयक, 2019 पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

16. आबकारी मंत्री, उत्तराखण्ड (संयुक्त प्रांत आबकारी अधिनियम, 1910) (संशोधन) विधेयक, 2019 को पुरःस्थापित करेंगे।

17. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

18. संसदीय कार्य मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि सोसाईटी रजिस्ट्रीकरण (उत्तराखण्ड संशोधन) विधेयक, 2019 पर विचार किया जाय। **(15 मिनट)**

19. संसदीय कार्य मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि सोसाईटी रजिस्ट्रीकरण (उत्तराखण्ड संशोधन) विधेयक, 2019 को पारित किया जाय।

20. संसदीय कार्य मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959) (संशोधन) विधेयक, 2019 पर विचार किया जाय। **(15 मिनट)**

21. संसदीय कार्य मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959) (संशोधन) विधेयक, 2019 को पारित किया जाय।

22. वित्तीय वर्ष 2019-2020 के आय-व्ययक की अनुदान मांगों पर चर्चा एवं मतदान :-

(1) निर्वाचन मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2020 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-05 निर्वाचन के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 1289262 हजार (रूपये एक सौ अठ्ठाईस करोड़ बानवे लाख बासठ हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।
(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)** )

(2) वित्त मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2020 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-07 वित्त, कर, नियोजन, सचिवालय तथा अन्य सेवाओं के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 94711108 हजार (रूपये नौ हजार चार सौ ईकहत्तर करोड़ ग्यारह लाख आठ हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।
(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)** )

(3) आबकारी मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2020 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-08 आबकारी के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 296339 हजार (रूपये उन्तीस करोड़ तिरसठ लाख उन्तालीस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।
(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)** )

(4) सहकारिता मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2020 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-18 सहकारिता के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 1828571 हजार (रूपये एक सौ बयासी करोड़ पचासी लाख ईकहत्तर हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।
(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)** )

(5) सिंचाई मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2020 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-20 सिंचाई एवं बाढ़ के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 9978462 हजार (रूपये नौ सौ सत्तानवे करोड़ चौरासी लाख बासठ हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)** )

(6) पर्यटन मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2020 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-26 पर्यटन के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 2007523 हजार (रूपये दो सौ करोड़ पचहत्तर लाख तेईस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)** )

(7) पेयजल मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2020 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-13 जलापूर्ति, आवास एवं नगर विकास के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 17407796 हजार (रूपये एक हजार सात सौ चालीस करोड़ सत्तहत्तर लाख छियानवे हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)** )

(8) कृषि मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2020 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-17 कृषि कर्म एवं अनुसंधान के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 11654060 हजार (रूपये एक हजार एक सौ पैंसठ करोड़ चालीस लाख साठ हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)** )

(9) परिवहन मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2020 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-24 परिवहन के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 2582111 हजार (रूपये दो सौ अठ्ठावन करोड़ इक्कीस लाख ग्यारह हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)** )

(10) समाज कल्याण मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2020 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-30 अनुसूचित जातियों का कल्याण के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 14059740 हजार (रूपये एक हजार चार सौ पांच करोड़ सत्तानबे लाख चालीस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)** )

(11) समाज कल्याण मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2020 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-31 अनुसूचित जनजातियों का कल्याण के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 4699309 हजार (रूपये चार सौ उनहत्तर करोड़ तिरानबे लाख नौ हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)** )

(12) पशुपालन मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2020 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-28 पशुपालन सम्बन्धी कार्य के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 3508307 हजार (रूपये तीन सौ पचास करोड़ तिरासी लाख सात हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)** )

(13) श्रम एवं रोजगार मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2020 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-16 श्रम एवं रोजगार के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 4020294 हजार (रूपये चार सौ दो करोड़ दो लाख चौरानवे हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)** )

**23.** नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

**24.** जनपद चमोली के विधान सभा क्षेत्र थराली के अन्तर्गत माह जून के वर्ष 2018 में आयी भीषण दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त पैदल पुलों, सम्पर्क मार्गो के पुनर्निर्माण न होने व आवासीय मकानों, दुकानों एवं बहे हुए वाहनों का मुआवजा न मिलने से क्षेत्रीय जनता में व्याप्त आक्रोश के सम्बन्ध में, श्रीमती मुन्नी देवी शाह, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 20 फरवरी, 2019 को दी गयी सूचना पर मुख्यमंत्री का नियम-53 के अंतर्गत केवल वक्तव्य।

**25.** जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र रायपुर के अन्तर्गत पेयजल सम्बन्धी ज्वलन्त समस्या के निवारण हेतु माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा की गई घोषणाओं के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यो को किये जाने हेतु अवशेष धनराशि शीघ्र अवमुक्त किये जाने के सम्बन्ध में, श्री उमेश शर्मा 'काऊ', सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 20 फरवरी, 2019 को दी गयी सूचना पर पेयजल मंत्री का नियम-53 के अंतर्गत वक्तव्य।

**देहरादून :**
**दिनांक : 20 फरवरी, 2019**

आज्ञा से,

(जगदीश चन्द्र)
सचिव।

प्रथम सत्र, 2019 का
प्रथम गुरूवार

उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा

# की कार्यसूची

## गुरूवार,

## फाल्गुन 02, शक संवत्, 1940

## ( दिनांक : 21 फरवरी 2019 )

## नत्थी 'क'

## अल्पसूचित प्रश्न

श्री देशराज कर्णवाल
30.01.2019

** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि शिक्षा विभाग के कितने शिक्षक एवं कर्मचारी अन्य विभागों में प्रतिनियुक्ति पर तैनात है एवं किन–किन विभागों में कौन–कौन से शिक्षक तैनात है? क्या सरकार प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति समाप्त करने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

शिक्षा

श्री कुंवर प्रणव सिंह ''चैम्पियन''
01.02.2019

** क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड में मनरेगा योजनान्तर्गत दैनिक मजदूरों को मजदूरी प्रदान करने का मानक बहुत ही कम है जो कि रूपया 175/–प्रति व्यक्ति प्रतिदिन है जो कि अव्यवहारिक है, जिस दर पर कोई भी व्यक्ति मजदूरी करने को राजी नहीं है, इससे ग्रामीण बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है और वह तंगहाल है? हरियाणा राज्य में मनरेगा की मजदूरी दर रूपया 277/–प्रति व्यक्ति प्रतिदिन है। आज की मंहगाई के दौर में उत्तराखण्ड की दर बहुत कम है? क्या सरकार जनहित में उक्त मनरेगा की मजदूरी दर में वृद्धि कर उक्त को रूपये 300/– के लगभग करेगी जिससे तात्कालिक रूप से ग्रामीण बेरोजगार लाभान्वित हो सकें? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

ग्राम्य विकास

# नत्थी 'ख'
## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री मनोज रावत<br>28.12.2018 | *1 क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को निःशुल्क पुस्तकें और ड्रेस देने की कोई योजना चल रही है? यदि हॉ, तो क्या इस वर्ष अभी तक छात्र–छात्राओं को निःशुल्क पुस्तकें और ड्रेस वितरित हो गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>04.01.2019 | *2 क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि प्रदेश में कितने अशासकीय मान्यता प्राप्त विद्यालय है? जिनमें मान्यता प्राप्त होने पर भी पद सृजित न होने से शिक्षकों की काफी कमी है? यदि हॉ, तो क्या सरकार जल्द ही प्रदेश के अशासकीय विद्यालयों में प्रवक्ताओं के पद सृजित करेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>08.01.2019 | *3 क्या सहकारिता मंत्री अवगत है, कि प्रदेश में कृषि उपज की खरीद के लिए वर्तमान में किसान सेवा सहकारी समिति के पास पर्याप्त संसाधन नहीं है, जिस कारण किसानों को अपनी उपज कम कीमत पर बेचने पर मजबूर होना पड़ रहा है? सरकार द्वारा इस समस्या के समाधान हेतु क्या कार्यवाही की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | सहकारिता |
| श्री मनोज रावत<br>14.01.2019 | *4. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि राज्य के विद्यालयों में योग प्रशिक्षित अध्यापकों को नियुक्ति देने की कोई योजना है? यदि हां, तो राज्य सरकार ने इस दिशा में अब तक क्या–क्या कदम उठाये हैं? यदि नहीं, तो क्या राज्य सरकार इन प्रशिक्षित बेरोजगारों को राज्य के विद्यालयों में रोजगार देने हेतु कोई कदम उठा रही है? | शिक्षा |
| श्री मनोज रावत<br>15.1.2019 | *5. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में अर्न्तराष्ट्रीय या राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को रोजगार देने की कोई नीति बनी है? यदि हां, तो पिछले 3 सालों में कितने उदीयमान खिलाडियों को इस नीति के अर्न्तगत रोजगार मिला है? यदि नहीं, तो राज्य सरकार विभिन्न विभागों में कब खिलाड़ियों हेतु भर्ती आरम्भ करने जा रही हैं? | खेल |
| श्रीमती ऋतु खण्डूडी भूषण<br>16.01.2019 | *6 क्या सहकारिता मंत्री अवगत है कि "किसान कल्याण योजना" के अन्तर्गत राज्य में किसानों को एक लाख रूपये तक के ऋण 2 प्रतिशत ब्याज के साथ वितरण करने के प्रयास सफल नहीं हो पाए है? यदि हां, तो इस योजना के अन्तर्गत गत वित्तीय वर्ष (2017–18) और वर्तमान वित्तीय वर्ष (2018–19) में यमकेश्वर विधान सभा क्षेत्र में विकासखण्डवार कुल कितने किसानों को कितनी राशि का ऋण वितरित किया गया है? ऋण लेने वाले किसानों को उनकी खेती किसानी बेहतर करने के लिये किस प्रकार की सहायता उपलब्ध करायी गयी है? | सहकारिता |

श्री सुरेन्द्र सिंह जीना
16.01.2019

*7. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में ''स्वच्छ भारत मिशन'' के अर्न्तगत कुल कितने इण्टर कालेजों में शौचालयों का निर्माण कराया गया है तथा कितने इण्टर कालेजों में शौचालय का निर्माण कराया जाना शेष रह गया है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि ''स्वच्छ भारत मिशन'' के अर्न्तगत शेष छूट गये सभी विद्यालयों व इण्टर कालेजों में शौचालयों का निर्माण कब तक पूरा कर लिया जायेगा? क्या सरकार शीघ्र ही शेष रह गये विद्यालयों व इण्टर कालेजों में शौचालयों का निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

शिक्षा

श्री प्रीतम सिंह पंवार
17.01.2019

*8 क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा राज्य के कृषकों को एक लाख रूपया तक का ब्याज मुक्त ऋण दिया जा रहा है? योजना के प्रारम्भ से लेकर आतिथि तक जनपदवार कुल कितने कृषकों को यह ब्याज मुक्त ऋण खेती किसानी के लिए वितरित किया जा चुका है? क्या सरकार बतायेगी कि एक लाख रूपया तक के ब्याज मुक्त ऋण के लिए कौन–कौन से औपचारिकतायें/पात्रता तथा ऋण लौटाने की समय सीमा क्या है तथा इस ऋण योजना तथा ऋण लौटाने की समय सीमा क्या है? इस ऋण योजना के अन्तर्गत कृषक/फसल बीमाकृत की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों?

सहकारिता

श्री धन सिंह नेगी
18.01.2019

*9 क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि राज्य सरकार अपने यहॉ के सरकारी विद्यालयों में स्वच्छता कार्यक्रम, विज्ञान महोत्सव, स्पर्श गंगा, हिमालय बचाओ कार्यक्रमों को स्कूल समय पर संचालित करवाती है? यदि हां, तो मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त कार्यक्रमों को सरकार राज्य के प्राइवेट विद्यालयों में भी कराने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों?

शिक्षा

श्री देशराज कर्णवाल
24.01.2019

*10. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ''ग्लोबल स्टूड़ेंट योजना'' के अन्तर्गत उत्तराखण्ड के सरकारी स्कूली विद्यार्थियों के लिए राज्य के कितने सरकारी स्कूलों का चयन किया गया है? यदि हां, तो इसका विवरण क्या है? किन मानकों के अनुसार स्कूलों का चयन किया गया है? क्या चयनित स्कूलों की संख्या में वृद्दि की जाएगी? यदि नहीं, तो क्यों?

शिक्षा

श्री प्रीतम सिंह पवांर
24.01.2019

*11. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड देवभूमि से ही योग का उद्भव और प्रचार–प्रसार हुआ है एवं योग के द्वारा शारीरिक और मानसिक लाभ से भारतवर्ष ही नहीं अपितु अन्य देश भी लाभान्वित हो रहे हैं? क्या सरकार बतायेगी कि राज्य में इण्टरमीडिएट स्तर तक योग शिक्षकों की नियुक्ति हेतु वर्ष 2006 से योग प्रशिक्षित संघर्षरत हैं? क्या सरकार प्राथमिक शिक्षा से लेकर इण्टरमीडिएट स्तर तक, राज्य के बेरोजगार योग प्रशिक्षितों की नियुक्ति करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

शिक्षा

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पवांर<br>24.01.2019 | *12. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के बी.एड 0एवं टी.ई.टी. में 45 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त बी.एड अभ्यर्थियों को टी.ई.टी. परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जा रहा है? क्या यह सत्य है कि पूर्व में मा0 उच्च न्यायालय के द्वारा सभी ऐसे अभ्यर्थियों को टी.ई.टी. परीक्षा में सम्मिलित कराये जाने के आदेश पारित किये गये थे, और सरकार द्वारा मा. न्यायालय के आदेशों के क्रम में ऐसे अभ्यर्थियों को परीक्षा में सम्मिलित कराया गया था? क्या सरकार 45 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त बी.एड अभ्यर्थियों को टी.ई.टी. परीक्षा में सम्मिलित करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर<br>24.01.2019 | *13. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड़ राज्य की तबादला नियमावली लागू हो चुकी है? क्या शिक्षा विभाग के अर्न्तगत दुर्गम स्थानों में काफी समय से तैनात शिक्षकों के स्थानान्तरण सुगम स्थानों में किये जाने हेतु कोई कार्यवाही प्रस्तावित है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री धन सिंह नेगी<br>25.01.2019 | *14. क्या दुग्ध विकास मंत्री अवगत हैं कि सरकार ने दुग्ध विकास के उत्पादन के लिए कोई कार्य योजना बनायी है? यदि हां तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि विभाग द्वारा दुग्ध उत्पादन व उनके विपणन के लिए वर्तमान में क्या योजना प्रस्तावित है? क्या यह भी सत्य है कि प्रदेश में घाटे पर चल रहे दुग्ध संघों को उबारने के लिए सरकार की कोई योजना हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | दुग्ध विकास |

स्थगित अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>09.08.2018 | 01 क्या पंचायतीराज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य की 30 पंचायतों को ई–विलेज योजना के अन्तर्गत स्मार्ट विलेज बनाने का जो निर्णय लिया गया था, सरकार द्वारा कब तक पूरा किया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पंचायतीराज |

अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती ममता राकेश<br>28.12.2018 | 1. क्या खेल मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र भगवानपुर जनपद हरिद्वार में इन्डोर स्टेडियम का निर्माण कराया गया है जिसका नाम डा0 बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के नाम से कर दिया गया है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त स्टेडियम में प्रशिक्षण व अन्य कार्यो हेतु स्टाफ की व्यवस्था की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | खेल |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>01.01.2019 | 2. क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र की ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार मिनी स्टेडियम का निर्माण करेगी ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | युवा कल्याण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>01.01.2019 | 3. क्या प्रौढ़ शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्षवार कितने पुरूष–महिला साक्षर हुए तथा इस अवधि में कुल कितने कार्मिक एवं स्वंय सेवी इस कार्य में लगाये गये तथा प्रौढ़ शिक्षा पर इस अवधि में कितना धन व्यय किया गया? | प्रौढ़ शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>09.01.2019 | 4 क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि खेल तथा युवा कल्याण विभाग का एकीकरण करने संबंधी कोई प्रस्ताव सरकार के समक्ष विचाराधीन है? यदि हॉ, तो उसका विस्तृत विवरण क्या है? | युवा कल्याण |
| श्री धन सिंह नेगी<br>09.01.2019 | 05 क्या सहकारिता मंत्री अवगत है कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारी बैंक की शाखायें खोलने जा रही है? यदि हॉ, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि टिहरी विधान सभा के अंतर्गत स्थान नकोट, पीपल डाली व नागणी (मंडई) में बैंक शाखा खोलने के स्थानीय जन प्रतिनिधियों के प्रस्ताव पर सरकार विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | सहकारिता |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>10.01.2019 | 06 क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र बद्रीनाथ के राजकीय इण्टर कॉलेज गडोरा एवं राजकीय इण्टर कॉलेज पीपलकोटी में एन0सी0सी0 की शाखा खोले जाने की मांग की जा रही है? यदि हां, तो क्या सरकार इन विद्यालयों में एन0सी0सी0 की शाखाऐं खोलने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>10.01.2019 | 07 क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि जनपद चमोली के पोखरी विकास खण्ड के राजकीय इण्टर कालेज उडामाडा भवन निर्माण हेतु जिला शिक्षा अधिकारी चमोली के पत्रांक, योजना 5ख/4375–84/2008–9 दिनांक 01 अगस्त, 2008 के अन्तर्गत शासन को प्रेषित किया गया है? यदि हां, तो उक्त जीर्ण–शीर्ण भवन निर्माण हेतु धनराशि स्वीकृत की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>10.01.2019 | 08 क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में राजकीय महाविद्यालयों में योग विषयक पाठ्यक्रम को सामान्य विषय करने एवं सृजन करने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हां, तो उक्त सन्दर्भ में क्या कार्यवाही की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>10.01.2019 | 9. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि शिक्षा विभाग के अन्तर्गत प्रदेश के राजकीय इण्टर कालेजों तथा हाईस्कूलों में पुस्तकालय स्थापित किये गये है? क्या भविष्य में कालेजों में पुस्तकालय स्थापित करने की कोई योजना है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री धन सिंह नेगी<br>11.01.2019 | 10. क्या खेल मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड राज्य में राष्ट्रीय खेल कराये जाने का प्रस्ताव है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि इसके लिए सरकारी स्तर पर क्या–क्या तैयारी है ? क्या यह भी सत्य है कि राष्ट्रीय खेलों में जल क्रीड़ा से संबंधित प्रतियोगितायें ज्यादा संचालित होती हैं? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि राष्ट्रीय खेलों में जल क्रीड़ाओं के लिए टिहरी झील का उपयोग किया जायेगा तथा उसकी योजना बनाई जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खेल |

| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी<br>11.01.2019 | 11. क्या दुग्ध विकास मंत्री अवगत हैं कि दुग्ध संघो में फील्ड सुपरवाइजर क्षेत्र पर्यवेक्षकों के पदों पर कार्मिक अभी तक नियुक्त हैं ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश सरकार में जनपद वार इन पदों का विवरण क्या है तथा उन पर कार्यरत कार्मिकों की स्थिति क्या है? क्या यह भी सत्य है कि उक्त कार्मिकों को हटाये जाने का शासन स्तर पर निर्णय लिया गया था? यदि हां, तो उक्त निर्णय किसके आदेश से हुआ था तथा उसका औचित्य क्या था? क्या उक्त कार्मिकों की वर्तमान स्थिति का सरकार विवरण देगी? यदि नहीं, तो क्यों? | दुग्ध विकास |
| श्री खजानदास<br>11.01.2019 | 12. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू हो चुका है तथा राजपुर विधान सभा के अन्तर्गत कितने विद्यालयों में उक्त अधिनियम का अनुपालन हो रहा है? क्या मंत्री जी उक्त अधिनियम के तहत राजपुर विधान सभा में विद्यालयवार शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र–छात्राओं की कक्षावार सूची, छात्र छात्राओं के पिता/अभिभावकों के पते, आय प्रमाण पत्र एवं बी0पी0एल0 प्रमाण पत्रों की सम्पूर्ण सूची (अधिनियम के लागू होने से अब तक) उपलब्ध करायेंगे अथवा नहीं? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों नहीं ? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>14.01.2019 | 13. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के प्रतिभावान खिलाड़ी जिन्होंने राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मैडल हासिल कर उत्तराखण्ड राज्य का मान बढ़ाया है को, राज्य सरकार द्वारा सम्मानित करने की कोई योजना है? क्या सरकार प्रतिभावान खिलाड़ियों को सरकारी सेवा में लिए जाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | खेल |
| श्री धन सिंह नेगी<br>14.01.2019 | 14. क्या युवा कल्याण मंत्री अवगत हैं कि सरकार जनपदों में खेल मैदान/स्टेडियम का निर्माण करवाती है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र टिहरी के अन्तर्गत जिला मुख्यालय नई टिहरी के बौराडी स्टेडियम का विस्तारीकरण का कार्य कब तक पूरा किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | युवा कल्याण |
| श्री धन सिंह नेगी<br>14.01.2019 | 15. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि सरकार क्षतिग्रस्त हाईस्कूल व इंटर कालेजों के भवन निर्माण के लिए प्रतिवर्ष धन आवंटन करती है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र टिहरी के अन्तर्गत वर्तमान में कितने कालेजों के भवन निर्माण के लिए धनराशि दी गई है ? क्या यह भी सत्य है कि क्षतिग्रस्त भवनों का प्राक्कलन गठित किये जाने के शासन स्तर से समय–समय पर निर्देश दिए जाते हैं? यदि हां, तो क्या विधान सभा क्षेत्र टिहरी के अन्तर्गत रा0इ0का0 कनैलधार, जाखणीधार, कपरियानीसैन, बडकोट, ठांगधार, खण्डकरी बागी बमुंडा व रा0बा0इ0का0 चंबा के भवन निर्माण के लिए क्या सरकार विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री विनोद कण्डारी<br>14.01.2019 | 16. क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि विधान सभा क्षेत्र देवप्रयाग के अन्तर्गत राजकीय इण्टर कालेजों चौकी, कपरौली, आछरीकुण्ड, पौड़ीखाल व गौमुख में प्रवक्ताओं की कमी होने के कारण छात्र–छात्राओं को पठन–पाठन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं जिससे उनका भविष्य अंधकारमय हो गया हैं? क्या सरकार छात्र–छात्रों के हितों को दृष्टिगत रखते हुए उक्त विद्यालयों में शीघ्र प्रवक्ताओं की नियुक्ति करने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>15.01.2019 | द्वितीय मंगलवार के अतारांकित–12 में स्थानान्तरित।<br>17. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि समस्त साहसिक खेलों का वार्षिक कैलेंडर तैयार किये जाने की सरकार की कोई योजना है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | खेल |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>15.01.2019 | 18. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जिले के इण्टर कालेजों में प्रधानाचार्य/ शिक्षकों के कुल कितने पद स्वीकृत है? उनके सापेक्ष में कितने प्रधानाचार्य/शिक्षक कार्यरत है तथा कुल कितने पद रिक्त है? बार–बार सदन का ध्यान आकृष्ट करने के उपरान्त भी आज समय तक प्रधानाचार्य/शिक्षक की नियुक्ति नहीं होने के क्या कारण है? क्या सरकार रिक्त पदों पर प्रधानाचार्य/शिक्षकों की नियुक्ति शीघ्र करने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>16.01.2019 | 19. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि एशियन, राष्ट्रीय, ओलम्पिक खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सरकार द्वारा क्या सुविधाएं एवं प्रोत्साहन दिया जा रहा है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | खेल |
| श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी<br>16.01.2019 | 20. क्या शिक्षा मंत्री बतायेगें कि वर्ष 2003 में राज्य में प्रत्येक जिले में राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों के संचालन हेतु वर्ष 2015 में स्वीकृत पदों के सापेक्ष 13 विद्यालयों में स्वीकृत पदों की संख्या क्या है तथा कितने कार्यरत है? यदि हां, तो क्या मंत्री अवगत है कि 15 वर्षो बाद भी प्रति नियुक्ति के भरोसे चल रहे इन विद्यालयो की स्थिति क्या है? वर्तमान मे विद्यालयों की स्वीकृत छात्र संख्या जनपद व वास्तविक विघालय मे पढ़ रहे छात्रों की संख्या क्या है तथा अभिभावकों द्वारा महत्वपूर्ण पदों (प्रधानाचार्य, उप प्रधानाचार्य पी0जी0टी0 भौतिक विज्ञान, पी0जी0टी0 अंग्रेजी, गणित एवं संगीत) अध्यापक अन्य महत्वपूर्ण स्टाफ न होने से अभिभावक बच्चों को अन्यत्र भेज रहे है? क्या सरकार स्वीकृत पदों सापेक्ष स्थाई नियुक्ति की व्यवस्था करेगी? यदि हां, तो कब तक? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>17.01.2019 | 21. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा प्रत्येक जनपद में छात्र एवं छात्राओं के लिए आवासीय विद्यालय एवं हॉस्टल खोलने की सरकार की कोई योजना प्रस्तावित है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सरेन्द्र सिंह जीना<br>17.01.2019 | 22. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत कुल कितने राजकीय प्राथमिक विद्यालय, राजकीय जूनियर हाई स्कूल, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व राजकीय इण्टर कॉलेज हैं, जो वर्तमान में भवन विहीन हैं? क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत है, कि विद्यालय का भवन न होने से अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिससे उनका भविष्य अन्धकारमय हो गया है? क्या सरकार छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए, भवन विहीन विद्यालयों के भवनों का शीघ्र निर्माण कार्य करायेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>17.01.2019 | 23. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी तथा टिहरी गढ़वाल के लगभग 200 से अधिक राजकीय प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों की प्रथम तैनाती/नियुक्ति कुमॉऊ मण्डल के विभिन्न जनपदों के दूरस्थ क्षेत्रों के राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में की गई थी और इन अध्यापकों को सेवा करते करते सात आठ वर्षो से अधिक का समय हो गया है? क्या सरकार ऐसे शिक्षकों की तैनाती इनके मूल जनपदों में रिक्त पदों पर करवायेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>18.01.2019 | 24. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गरीब मेधावी छात्र–छात्राओं की शिक्षा हेतु सभी आर्थिक संसाधन उपलब्ध कराये जाने पर सरकार विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी<br>18.01.2019 | 25. क्या शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि राज्य में इण्टर कालेजों में कितने प्रवक्ता व उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों सहित कितने सहायक अध्यापकों के पद स्वीकृत है? स्वीकृत पदों के विरूद्ध कितने प्रवक्ता, सहायक अध्यापकों के पद स्वीकृत हैं? स्वीकृत पदों के विरूद्ध कितने प्रवक्ता, सहायक अध्यापक कार्यरत है तथा कितने पद खाली है? शिक्षा व्यवस्था सुचारू रूप से चले, इनको भरने की सरकार की क्या योजना है? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि विधानसभा कर्णप्रयाग में कितने इण्टर कालेज व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय है एवं उनमें स्वीकृत विद्यालय वार प्रवक्ता, सहायक अध्यापकों के कितने पद है कितनों में प्रवक्ता, अध्यापक कार्यरत हैं, कितने पद खाली है? खाली पदों पर कब तक सरकार नियुक्ति करेगी? | शिक्षा |
| श्रीमती ऋतु खण्डूडी भूषण<br>18.01.2019 | 26. क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि राज्य के सरकारी और सहायता प्राप्त प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं को मुफ्त स्कूल ड्रेस की धनराशि सीधे उनके बैक खातों में जमा करने का निर्णय लिया गया है? यदि हॉ, तो इस योजना में कुल लाभार्थी छात्र–छात्राओं की संख्या यमकेश्वर विधान सभा क्षेत्र के लाभार्थियों की संख्या के साथ क्या है? प्रति लाभार्थी दो स्कूल ड्रेस के लिये इस मद में वित्तीय वर्ष 2018–19 में कुल कितनी राशि व्यय होगी? अब तक कुल कितने लाभार्थियों के बैंक खाते में कुल कितनी धनराशि जमा करायी जा चुकी है? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री विनोद कण्डारी<br>18.01.2019 | 27. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र देवप्रयाग के विकासखण्ड हिण्डोलाखाल के अन्तर्गत माल्ड़ा में एन0सी0सी0 प्रशिक्षण एकेडमी का शिलान्यास कब किया गया है तथा कब से इसका कार्य आरम्भ किया गया है? क्या सरकार द्वारा माल्ड़ा में एन0सी0सी0 प्रशिक्षण एकेडमी में आज समय तक की गई कार्यवाही का तद्संबंधित विवरण पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री मनोज रावत<br>21.01.2019 | 28. क्या पंचायतीराज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि, राज्य में पंचायत सचिव किन–किन कार्यों को करते हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने कष्ट करेंगे कि, राज्य में पंचायत सचिवों के जिलेवार स्वीकृत पदों में से कितने भरे हैं? क्या मंत्री जी तत्संबंधी विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? | पंचायतीराज |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>21.01.2019 | 29. क्या पंचायतीराज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ग्राम पंचायत कार्यालयों का आधुनिकीकरण व विकास के लिए कोई ठोस पहल की जा रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | पंचायतीराज |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>21.01.2019 | 30. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के प्राईवेट विद्यालयों में आ0टी0ई0 शिक्षा का अधिकार योजना के अर्न्तगत शिक्षा ग्रहण कर रहे पिछड़ी एवं सामान्य जाति के बच्चों के मद में दी जाने वाली धनराशि का भुगतान लगातार वर्षवार संबंधित विद्यालयों को किया जा रहा है? यदि हाॅ, तो विधानसभा क्षेत्र काशीपुर में संचालित ऐसे विद्यालय जिन्हें विगत तीन वर्षो में धनराशि निर्गत की गई है, का विवरण उपलब्ध करायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री मनोज रावत<br>21.01.2019 | 31. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के माध्यमिक स्कूलों में प्रधानाचार्य और प्रवक्ता के कितने पद खाली है? इन पदों में से कितने पद सीधी भर्ती के है और कितने पद पदोन्नति से भरे जाने हैं? यदि पदोन्नति से भरे जाने वाले पद खाली हैं तो इन खाली पदों को कब से और क्यों नही भरा गया है? क्या मंत्री जी तत्संबंधी विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? | शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी<br>21.01.2019 | 32. क्या शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम कितने हाईस्कूल, इण्टर विद्यालयों के भवन निर्माण कर रहे हैं? उनकी संख्या व लागत धनराशि क्या हैं? कितनी धनराशि अवमुक्त हो गयी है व इनके पूर्ण होने को कितनी अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेगें कि कर्णप्रयाग विधान सभा के अन्तर्गत कितने विद्यालयों के भवन निर्माण नाम सहित कार्य किस सन से चल रहे हैं एवं इसे कब पूरा होना था? क्या सरकार समय सीमा के अन्तर्गत इस कार्य को पूरा करायेगी? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी<br>21.01.2019 | 33. क्या शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि ''राजीव गांधी नवोदय विद्यालय'' हेतु सभी 13 जनपदों में किस–किस विद्यालय को भवन आवास निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध हो गई है, तथा किस–किस विद्यालय में निर्माण कार्य प्रारम्भ हो गया है? विद्यालय वार निर्माण कार्य औचित्य पूर्ण लागत क्या है? वर्ष 2017–18 तक निर्माण कार्यों हेतु कितनी धनराशि विद्यालय वार अवमुक्त हुई है? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि ''राजीव गांधी नवोदय विद्यालय'' गैरसैंण के भवन आवास निर्माण की औचित्य पूर्ण लागत क्या है तथा वर्ष 2017–18 तक कितनी धनराशि निर्माण कार्यों हेतु अवमुक्त हुई है? क्या मंत्री जी अवगत है कि आवासीय व पठन–पाठन व्यवस्था सुचारू न होने के कारण विद्यालय में स्वीकृत 210 छात्रों की जगह मात्र 109 छात्र ही कठिन विषम परिस्थिति में पढाई कर रहे है तथा अभिभावक निरन्तर अपने बच्चों को विद्यालय से निकाल रहे है? भवन निर्माण व आवसीय निर्माण हेतु क्या सरकार एक मुश्त धनराशि या अधिक से अधिक धनराशि उपलब्ध करायेगी तथा कब तक निर्माण कार्य पूर्ण होकर विद्यालय अपने भवनों पर संचालित हो सकेगी? | शिक्षा |
| श्री सहदेव पुण्डीर<br>21.01.2019 | 34. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून की विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत श्री देव सुमन विश्व विद्यालय का एक अतिरिक्त परिसर एवं संघटक महाविद्यालय स्थापित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई थी, परन्तु आतिथि तक भी कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है ? क्या विश्वविद्यालय के निर्माण किये जाने हेतु कोई कार्यवाही प्रस्तावित है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>22.01.2019 | 35. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रतियोगी परीक्षाओं के साक्षात्कार में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को सरकार द्वारा निःशुल्क यात्रा कराये जाने की कोई योजना है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>23.01.2019 | 36. क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि लघु एवं सीमान्त किसानों की स्थिति बेहतर करने हेतु सरकार द्वारा उन्हें कम ब्याज दर पर ऋण देने की कोई योजना सरकार द्वारा बनायी गई है? यदि हां, तो वर्तमान वित्तीय वर्ष में कितने किसान लाभान्वित हुए है? यदि नहीं, तो क्यों? | सहकारिता |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>23.01.2019 | 37. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत नेपाल सीमा से लगे रा0प्रा0वि0 पन्थयूड़ा की वर्ष 2006–07 में स्थापना की गयी थी जिसमें जनपद चम्पावत पिथौरागढ के 08 कि0मी0 के अन्तर्गत स्थित गांवों के बच्चे शिक्षा ग्रहण करने आते हैं एवं पांचवी पास करने के उपरान्त वहां के बच्चों को उच्च शिक्षा हेतु 12 कि0मी0 दूर जाना पड़ता है जिस कारण कई बच्चे अपनी पढाई सुचारू रूप से नहीं कर पाते हैं तथा उन्हें अपनी पढ़ाई को आधे में छोड़ने को विवश होना पड़ता है एवं ग्रामवासियों को रा0प्रा0वि0 पन्थयूड़ा के उच्चीकरण की मांग काफी लम्बे समय से की जा रही है ? क्या सरकार अभिभावकों की समस्या तथा अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए रा0प्रा0वि0 पन्थयूड़ा का उच्चीकरण करेंगे ?यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>23.01.2019 | 38. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत राजकीय बालिका इण्टर कालेज खेतीखान में लगभग 300 छात्रायें अध्ययनरत हैं जिनके एकत्रीकरण तथा अन्य विद्यालयी कियाकलापों के सम्पादन हेतु एक आडिटोरियम की काफी लम्बे से मांग की जा रही है? विद्यालय में ऑडिटोरियम हाल न होने से विद्यालयी क्रियाकलापों हेतु छात्राओं तथा विद्यालय प्रबन्धन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है जिसके लिए पूर्व में भी कई बार पत्राचार के माध्यम से अवगत कराया गया है? क्या सरकार विद्यालय तथा शिक्षार्थियों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए राजकीय बालिका इण्टर कालेज खेतीखान में आडिटोरियम हाल का निर्माण करवायेगी? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री हरभजन सिह चीमा<br>23.01.2019 | 39. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि खेल स्टेडियम काशीपुर का नवींकरण कराकर खिलाड़ियों को मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराए जाने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हां, तो इसके लिए सरकार की क्या कार्य योजना है और संबंधित कार्य कब तक प्रारम्भ होगा? यदि नहीं, तो क्यों ? | खेल |
| श्री हरभजन सिह चीमा<br>23.01.2019 | 40. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि काशीपुर जिला उधमसिंहनगर में एक नया राजकीय इण्टर कालेज खोले जाने के प्रस्ताव पर सरकार द्वारा स्वीकृति दी गई है ? यदि हां, तो क्या विद्यालय भवन के स्थल का चयन कर लिया गया है एवं भवन निर्माण के प्रति कितना धन स्वीकृत किया गया तथा कब तक निर्माण कार्य प्रारम्भ होगा? यदि नहीं, तो क्या मंत्री जी इस बात से भिज्ञ है कि माह जून, 2017 के प्रथम सप्ताह में सम्पन्न हुए विधानसभा सत्र में इस प्रश्न के प्रति बिना बहस किए मुझे शिक्षा मंत्री एवं मुख्यमंत्री जी के द्वारा काशीपुर में नया राजकीय कन्या इण्टर कालेज का निर्माण कराए जाने का आश्वासन विधानसभा परिसर में दिया गया था? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पवांर<br>24.01.2019 | 41. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा धनोल्टी के अर्न्तगत राजकीय महाविद्यालय नैनबाग जनपद टिहरी गढ़वाल में वर्तमान में स्नातक स्तर पर हिन्दी, अंग्रेजी, इतिहास, भूगोल, राजनीतिक विज्ञान, अर्थशास्त्र व समाजशास्त्र विषय/पाठ्यक्रम संचालित है? क्या यह सत्य है कि छात्र–छात्राओं के द्वारा स्नातक स्तर पर संस्कृत, गृह विज्ञान तथा शिक्षा शास्त्र विषय खुलवाने/स्वीकृत किये जाने की मांग की जा रही हैं? क्या सरकार जनता छात्र–छत्राओं की मांग पर जनहित में उक्त महाविद्यालय में संस्कृत, गृह विज्ञान और शिक्षाशास्त्र विषयों की स्वीकृति प्रदान करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पवांर<br>24.01.2019 | 42. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा धनोल्टी के अर्न्तगत राजकीय इण्टर कॉलेज गरखेत (जौनपुर) में प्रधानाचार्य के साथ–साथ चार प्रवक्ताओं के पद रिक्त चल रहे हैं, जिस कारण छात्र–छात्राओं का शिक्षण कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा हैं? क्या सरकार द्वारा छात्र हित में रिक्त पदों पर प्रधानाचार्य तथा प्रवक्ताओं की तैनाती की जायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पवांर<br>24.01.2019 | 43. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि विधान सभा धनोल्टी के अन्तर्गत राजकीय बालिका ईण्टर कॉलेज थत्यूड़ जौनपुर टिहरी गढ़वाल में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अभिभावकों तथा अध्ययनरत छात्राओं के द्वारा एन.सी.सी. पाठ्यक्रम प्रारम्भ कराये जाने की मांग लम्बे समय से की जा रही है? यदि हां तो क्या छात्राओं के हित में कब से एन.सी.सी. पाठ्यक्रम संचालित कराया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>24.01.2019 | तृतीय सोमवार के अतारांकित–29 में स्थानान्तरित।<br>44. क्या पंचायतीराज मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि तहसील जसपुर की न्याय पंचायत भरतपुर के 19 गॉव क्रमशः लालपुर, बाबरखेड़ा हरियावाला, शाहगंज, कुण्ड़ा, बक्सौरा, टीला,गनेशपुर, केशरीपुर, गिरध्याई, मुंशी, बैतवाला, करनपुर, लालपुर, भरतपुर, बगवाड़ा, पस्तौरा, गढ़ीनेगी, किलावली, दुर्गापुर तथा नवलपुर की दूरी काशीपुर तहसील से मात्र 2 से 7किमी0 है जबकि तहसील जसपुर की दूरी लगभग 12 किमी0 है और इन गॉवों के ग्रामीणों को अपने को तहसील काशीपुर में सम्मिलित किये जाने का प्रस्ताव जो जिलाधिकारी ऊधमसिंहनगर के पत्रांक 492 / नौ–रा0सहा0 / 2010 दिनॉक 31 मार्च 2010 से शासन में प्रेषित किया गया था, शासन के विचाराधीन है? यदि हां तो सम्बन्धित गॉवों को तहसील काशीपुर में सम्मिलित किये जाने का आदेश कब तक पारित होगा? यदि नहीं, तो क्यों? | पंचायतीराज |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>24.01.2019 | 45. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कितने ओलम्पिक खेल प्रचलित है जिन्हें सरकारी प्रोत्साहन प्राप्त है? इनमें से जनपद हरिद्वार के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अब तक कितने मैडल प्राप्त किये है? | खेल |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर<br>24.01.2019 | 46. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून की विधान सभा सहसपुर के अर्न्तगत ग्राम पंचायत काटरा, कल्याणपुर में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरसणी में है, एवं बच्चों को इण्टर की पढ़ाई करने हेतु 10–15 किमी0 पैदल चलना पड़ता है, जिससे पठन–पाठन पर विपरीत प्रभाव पड़ता है एवं इण्टरमीड़ियट की कक्षाओं की उपयुक्त व्यवस्था नहीं है? शिक्षा विभाग से उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के उच्चीकरण हेतु बार–बार अनुरोध करने के, बावजूद अभी तक इस स्वीकृति के विषय मे कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है? क्या उक्त विद्यालय के उच्चीकरण हेतु कोई कार्यवाही प्रस्तावित है? यदि हां, तो कब तक? यदि नही, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पवांर<br>25.01.2019 | 47. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत राजकीय इण्टर कॉलेज सड़ब (जौनपुर) में इण्टर स्तर पर एक भी शिक्षक कार्यरत नहीं है? क्या सरकार बतायेगी कि राजकीय इण्टर कालेज सड़ब में शिक्षकों तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के कितने पद स्वीकृत है, तथा स्वीकृत पदो के सापेक्ष रिक्त पदों पर शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की तैनाती कब तक कर ली जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |

# नत्थी-"ग"

## वित्तीय वर्ष 2019-2020 के अनुदान मांगों में कमी करने के प्रस्ताव

**अनुदान संख्याः-05, 07, 08, 18, 20, 26, 13, 17, 24, 30, 31, 28 तथा 16**

| प्रस्तावक का नाम | प्रस्ताव का प्रारूप |
|---|---|
| 1. डा0 इन्दिरा हृदयेश,<br>2. श्री गोविन्द सिंह कुंजवाल,<br>3. श्री प्रीतम सिंह,<br>4. काजी मौ0 निजामुद्दीन,<br>5. श्री करन माहरा,<br>6. श्री हरीश सिंह,<br>7. श्रीमती ममता राकेश,<br>8. श्री आदेश सिंह चौहान,<br>9. श्री राजकुमार,<br>10. श्री मनोज रावत,<br>11. हाजी फुरकान अहमद। | सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रूपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना। |